दिनांक : 26.02.2326 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस्राइल की संसद नेसेट के सर्वोच्च सम्मान स्पीकर मेडल से सम्मानित।

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा-भारत आतंकवाद के सभी रूपों के विरोध में दृढ़ और अड़िग।

- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर भीलवाड़ा में उद्योगपतियों से करेंगे संवाद।

- आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्वकप में कल न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को हराया। आज दोपहर वेस्टइंडीज-दक्षिण अफ्रीका और शाम को भारत-जिम्बाब्वे होंगे आमने सामने।

प्रधानमंत्री-इस्राइल-नेसेट मेडल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत और इस्राइल के बीच रणनीतिक संबंधों को सशक्त बनाने में असाधारण योगदान देने के लिए इस्राइल की संसद 'नेसेट' के सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर मेडल' से सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले विश्व के पहले नेता हैं। संबोधन के बाद इस्राइल की संसद के अध्यक्ष आमिर ओहाना ने यह सम्मान प्रधानमंत्री को दिया।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे पूरी विनम्रता और कृतज्ञता के साथ यह पुरस्कार स्वीकार करते हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा कि इस सम्मान से सिर्फ एक व्यक्ति को सम्मानित नहीं किया गया है, बल्कि भारत और इस्राइल के बीच की स्थायी मित्रता को सम्मान दिया गया है। नेसेट सम्मान ने रक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि, नवाचार और आर्थिक सहयोग के द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ बनाने में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को उजागर किया है।

जयशंकर - मानवाधिकार परिषद

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत ने हमेशा टकराव के बजाय संवाद, विभाजन के बजाय सहमति और संकीर्ण हितों के बजाय मानव-केंद्रित विकास को प्राथमिकता दी है। मानवाधिकार परिषद के उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा कि कि संघर्ष, ध्रुवीकरण और अनिश्चितता से घिरी दुनिया में भारत साझा आधार खोजने और उसे मजबूत करने का प्रयास करता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का दृष्टिकोण इस समझ पर आधारित है कि किसी भी क्षेत्र की असुरक्षा या किसी भी समूह को हाशिए पर धकेलना अंत में सभी के अधिकारों और कल्याण को कमजोर करता है। डॉ. जयशंकर ने यह भी रेखांकित किया कि भारत आतंकवाद के सभी रूपों के विरोध में दृढ़ और अडिग है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों का सबसे जघन्य उल्लंघन है।

उपराष्ट्रपति-जम्मू-कश्मीर दौरा

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन दो दिवसीय जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। कल श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया गया। पदभार संभालने के बाद जम्मू-कश्मीर का यह उनका पहला दौरा है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री सकीना इटू और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति की आगवानी की।

इंटरैक्टिव सेशन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में भीलवाड़ा के 'द ऑरियम रिसॉर्ट्स एंड इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर' में आयोजित 'मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं पर इंटरैक्टिव सेशन' शामिल होंगे। इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन आज प्रातः 11ः00 बजे से

दोपहर 2ः00 बजे तक किया जाएगा। आयोजन 'इन्वेस्ट मध्यप्रदेश' पहल के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें उद्योग जगत के प्रतिनिधि, प्रमुख औद्योगिक समूह और निवेशक भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंटरैक्टिव सेशन में निवेशकों से संवाद करेंगे और राज्य की औद्योगिक नीतियों, निवेश-अनुकूल वातावरण तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे।

इंस्टाग्राम फॉलोअर्स-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही वे इस मंच पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले विश्व नेता और राजनेता बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से दोगुनी से भी अधिक है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 4 करोड़ 32 लाख फॉलोअर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

केन्द्रीय कृषि मंत्री-अयोध्या

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एकीकृत खेती पर जोर देते हुए कहा कि नई किस्म के बीज और अंतरफसल खेती के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह बात अयोध्या के रामलला मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन तथा पूजा करने के बाद कही। उन्होंने आगे कहा कि सरकार का लक्ष्य देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ सभी को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है।

मेट्रो पॉलिटन सिटी-इंदौर,उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेट्रो पॉलिटन सिटी इंदौर-उज्जैन भविष्य की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होगा। इस नाते इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन प्रोजेक्ट भी किसानों के हित में उनके सुझाव के अनुरूप एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनाया जायेगा। जिन किसानों की भूमि प्रभावित होगी, उन्हें उचित मुआवजा देने के लिये शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार शाम उनसे भेंट करने आये इंदौर और उज्जैन जिलों के विभिन्न ग्रामों के किसान प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।

राज्यपाल-मऊगंज

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि शिक्षा से ही जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। शिक्षा जीवन में प्रगति का आधार है। प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने जनजातीय और वंचितों को शासन की योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज के अंतिम व्यक्ति का सशक्तिकरण संभव होगा। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल मऊगंज जिले के हनुमना जनपद अंतर्गत दूरस्थ जनजातीय धरती आबा ग्राम सलैया खास में आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को शामिल हुए।

होली-विशेष ट्रेन

होली के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए विभिन्न रेलवे जोन में 18 मार्च तक एक हजार 244 विशेष ट्रेन यात्राओं का संचालन किया जाएगा। रेल मंत्रालय ने कहा कि यदि मांग बढ़ती है तो इन विशेष ट्रेन यात्राओं के संचालन की संख्या और बढ़ाई जा सकती है।

आईसीसी टी20 विश्वकप

कोलंबो में आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्वकप के सुपर-8 मुकाबले में कल न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका को इकसठ रन से हरा दिया है। न्यूजीलैंड के एक सौ उनहत्तर रन के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका की टीम एक सौ सात रन पर ही सिमट गई। कप्तान मिचेल सैंटनर ने सर्वाधिक 47 रन बनाए और एक विकेट भी लिए।

अहमदाबाद में आज दोपहर 3 बजे वेस्टइंडीज का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से वहीं, चेन्नई में शाम 7 बजे भारत का सामना जिम्बाब्वे से होगा।

ऽ खंडवा जिले के वरिष्ठ नागरिक मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या की यात्रा करेंगे।

ऽ नर्मदापुरम के शासकीय संभागीय आईटीआई में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ऽ जबलपुर के सेठ गोविंद जिला चिकित्सालय में कल गन कैरिज फैक्ट्री जबलपुर द्वारा क्षय रोगियों और एनीमिया से ग्रसित महिलाओं को पोषण आहार किट का वितरण किया गया।

ऽ इंदौर में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा ऑफलाइन पद्धति से राज्य पात्रता परीक्षा 2025 का आयोजन 01 मार्च को किया जाएगा। यह परीक्षा जिले के 100 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी।

ऽ डिण्डौरी में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत महिला जनप्रतिनिधियों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

ऽ खरगोन जिले में 70 केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन किये जा रहे हैं।

ऽ धार में बेरोजगार युवाओ को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 110 आवेदको का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया।

-------